आईआईएम रांची में मिले पूर्ववर्ती छात्र

रांची। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची में शनिवार को पूर्व छात्र मिलन समारोह- ग्रैंड एलुमनी होमकमिंग, का आयोजन किया गया। अध्यक्षता निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव और पूर्व छात्र संबंध समिति के अध्यक्ष प्रो अमरेंदु नंदी ने की।

प्रो नंदी ने पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम (पीजीपी) और एक्जीक्यूटिव एमबीए के पूर्व छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने विजन 2030, में उल्लिखित रणनीतिक प्राथमिकताओं पर बात की, जो एक दूरदर्शी पहल है और इस दशक के लिए संस्थान की आकांक्षाओं को समाहित करती है। संस्थान के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने संस्थान की ओर से की गई नई पहल की जानकारी दी। इनमें प्रमाणन, योग्यता-सह-साधन छात्रवृत्ति शामिल हैं।

Hindustan_26.11.2023_Pg. 09